तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025



10 आत्मनिर्भर बनाने पर स्वसहायता समूह ...



11 जान जोखिम में डाल नाला पार कर स्कूल जाने ...







2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


# भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ पर्यावरण बनाये रखने पौधारोपण जरुरी

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजस्व मंत्री ने लगाया जामुन का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार क़ो विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत मिडिल स्कूल भाठागांव के परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जामुन का पौधा लगाया। इसके साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने भाठागांव में पीड़ीएस भवन, मुक्तिधाम निर्माण तथा कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय के बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि कोई भी ख़ुशी का मौका हो पेड़ जरूर लगाएं। हमारी सरकार ने पिछले 17-18 महीने में तेजी से विकास कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि प्रदेश गांव से लेकर शहर तक तेजी से विकास करे। सरकारी सम्पत्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हम सबको लेनी होगी। कार्यक्रम क़ो जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदस्य इंदु जांगड़े, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें

कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। यह अभियान केवल पेड़ लगाना ही नहीं है, बल्कि इसमें भावनात्मक जुड़ाव भी है। हम सबको मिलकर धरती क़ो हरा-भरा बनाना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ी क़ो स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें।

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

महासमुंद। जमीन विवाद को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दुर्गा टंडन वार्ड नं 07 लाफिन खुर्द ने बताया कि करीब 15 साल पहले दशरथ पुरैना के कब्जे की जमीन को खरीदकर अपने कब्जे में लेकर खेती किसानी का काम कर रहे हैं। 30 जुलाई को उसी खेत में धान की निंदाई का काम करने के लिए वह अपनी जेठानी सोनी टंडन एवं जुगनी टंडन के साथ गए थे। दोपहर करीब 12 बजे गांव का दशरथ पुरैना अपनी साइकिल में फावडा एवं डंडा ले कर आया और वह गुस्से में आकर कहा कि यह मेरा खेत है तुम लोग मेरे खेत में निंदाई का काम क्यों कर हो कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पास पडे पत्थर को उठाकर प्रार्थिया की जेठानी सोनी टंडन के सिर में फेंक कर मार दिया जिससे उसके सिर में चोट लगी। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वहीं इसी मामले में प्रार्थी दशरथ पुरैना निवासी वार्ड नं 6 लाफिन खुर्द ने पुलिस को बताया कि 30 जुलाई को 12 बजे वह अपने खेत बम्हनी खार में अपनी पत्नी हेमीन बाई के साथ काम करने के लिए गया था।

## मवेशियों से होनी वाली सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए जिले में चलाया जा रहा जॉइंट ऑपरेशन

# मवेशियों को खुले में छोड़ा, 25 पशु मालिकों पर 14 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

रोड सेफ्टी एवं घुमंतू पशुओं के प्रबंधन और मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन द्वारा जॉइंट ऑपरेशन चलाकर प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज संपर्क केंद्र में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की प्रगति की समीक्षा की जिसमें पुलिस, पंचायत, नगरीय निकाय एवं पशुधन विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए। अपने मवेशियों को सड़क पर विचरण हेतु छोड़ने वाले अब तक 25 पशुपालकों पर 14 हज़ार रुपये जुर्माना लगाया गया है।

श्री सोनी ने कहा कि अपने मवेशियों को सड़क पर विचरण हेतु छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ जुर्माने के साथ -साथ अब पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के 126 और 135 अधिनियमों (पूर्व में सीआरपीसी की धारा 107/116) में सम्मिलित प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में पशु मित्रों/मितान नियुक्त करें तथा रात्रि में अनिवार्य रूप से किसी पशु मितान को रखवाली को जिम्मेदारी दें। उन्होंने कहा कि लावारिस और घुमंतू पशुओं के गले में अनिवार्य रूप से रेडियम लगवायें। घुमंतू मवेशियों के दाना पानी की व्यवस्था की ज़िम्मेदारी भी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों और नगरीय निकायों को सम्मानित किया जाएगा।

### कलेक्टर ने पुलिस, पंचायत, पशुधन और नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों की ली बैठक




### 46 ग्राम पंचायतों और 6 नगरीय निकायों का चिन्हांकन

श्री सोनी ने स्थानीय स्तर पर सक्रिय स्वयं सेवियों को भी अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने घुमन्तु पशुओं के कारण सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु पुलिस एवं राजस्व की टीम क़ो लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि अभियान के तहत प्रथम चरण में जिले में राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गो के नजदीक 46 ग्राम पंचायतों और 6 नगरीय निकायों का चिन्हांकन किया गया है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 145 लीटर महुआ शराब जब्त, 690 किलो महुआ लाहन किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला आबकारी टीम ने बुधवार को ग्राम हसुआ बलौदा में छापामार कार्रवाई करते हुए 145 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया और 690 किलो महुआ लाहन नष्ट किया।

कसडोल वृत्त ग्राम हसुआ बलौदा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण की सूचना पर आरोपी का विधिवत तलाशी लेने पर 15 लीटर क्षमता वाली 4 प्लास्टिक जरीकेन में 60 लीटर महुआ शराब, 10 लीटर क्षमता वाली 3 प्लास्टिक जरीकेन में लगभग 30 लीटर, 20 लीटर क्षमता वाली 1 प्लास्टिक जरीकेन में 20 बल्क लीटर महुआ मदिरा कुल 110 बल्क लीटर महुआ मदिरा जब्त किया गया और नदी किनारे 23 प्लास्टिक झिलियों में 690 किलोग्राम मदिरा निर्माण योग्य लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 22 हजार रुपये एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 41,400 रुपये होना पाया गया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च), 34(2), 59(क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।

- जिला आबकारी टीम ने अलग-अलग स्थानों पर की कार्रवाई और आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया अपराध

इसी तरह गुरूवार को पलारी वृत्त के थाना पलारी अंतर्गत ग्राम रामपुर में ▸▸ शेष पेज 11 पर

# मंडल- सेक्टर गठन के लिए ब्लॉक कांग्रेस ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

खरोरा ब्लॉक के सभी जोन (मंडल) एवं सेक्टर के पुर्नगठन हेतु आवश्यक बैठक का खरोरा विश्रामगृह प्रांगण में हुई, जिसमें खरोरा ब्लॉक के लिए पीसीसी से मनोनीत ब्लॉक प्रभारी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष उद्योराम वर्मा मुख्य रूप से उपस्तिथ थे। ब्लॉक प्रभारी गोपी साहू ने कहां कि, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं हमारे नेता राहुल गांधी तथा पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के मंशानुरूप कांग्रेस संगठन के मजबूती हेतु अब ब्लॉक के हर मंडल में 21 सदस्यों कि कमेटी बनाई जाएग, जिसमें से 50 प्रतिशत सदस्य एसी, एसटी, ओबीसी, महिला सहित 50 वर्ष से कम उम्र के होंगे। साथ ही अब जोन को मंडल नाम से जाना जायेगा तथा मंडल कमेटी को बहुत मजबूत बनाया जायेगा । ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा कि अनुशंसा पर खरोरा ब्लॉक में एक नये मंडल और तीन नये सेक्टर का प्रस्ताव ब्लॉक प्रभारी को दिया गया है, जिससे संगठन के कार्यों को ज्यादा सहजता, सुगमता से किया जाये। ज्ञात हो कि पूर्व में ब्लॉक कांग्रेस खरोरा अंतर्गत 4 जोन एवं 13 सेक्टर थे जिसे बढ़ाकर अब 5 मंडल (जोन) और 16 सेक्टर का प्रस्ताव ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने दिया है ।

खरोरा ब्लॉक में मंडल कमेटी पुनर्गठन हेतु पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष उद्योराम वर्मा के निर्देशन में हर मडल के लिए 3-3 सदस्यों को ▸▸ शेष पेज 11 पर

### अब ब्लॉक कांग्रेस बनाएगी मंडल कमेटी



# धारदार चाकू जब्त आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

ग्राम कोरासी से पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि नारद मण्डावी धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है, इसकी तस्दीक के लिए थाना खरोरा पुलिस टीम पेट्रोलिंग वाहन में रवाना हुई और मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी नारद मंडावी को अवैध रूप से धारदार चाकू रखकर रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नारद मंडावी पिता मुरली मंडावी 22 साल साकिन भीमखोज संतोषी नगर थाना खल्लारी जिला महासमुंद होना बताया। आरोपी को चाकू रखने के संबंध में कागजात पेश करने कहा गया, जहां उसके द्वारा कोई कागजात पेश नहीं करने पर आरोपी के कब्जे से एक लोहे का चाकू को गवाहों के समक्ष जब्त कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूध्द अपराध घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर सूचना परिजनों को देकर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।



# बिजली मेंटनेंस में लापरवाही, एई और जेई निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने बलौदाबाजार जिले के बिजली दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली तार व खंभों में मेंटेनेंस में लापरवाही देखी और मौके पर ही संबंधित सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को निलंबित करने के निर्देश दिये। श्री कंवर ने बलौदाबाजार वृत में एई जेई की मीटिंग ली और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही वहां विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने वहां के कार्यपालन अभियंता कार्यालय (प्रोजेक्ट) एवं संचारण संधारण संभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया और ▸▸ शेष पेज 11 पर

- सीएसपीडीसीएल एमडी ने निरीक्षण के दौरान की कार्रवाई



### मैदानी इलाकों का किया निरीक्षण

इसके बाद वे बलौदाबाजार और कसडोल क्षेत्र के मैदानी इलाकों में भी विद्युत व्यवस्था देखने पहुंचे। लवन उप संभाग के कोलिहा गांव में पुरानी बिजली लाइनों के रखरखाव पर नाराजगी जताते हुए वहां सहायक अभियंता उमाशंकर साहू को निलंबित करने के निर्देश कार्यपालक निदेशक (रायपुर ग्रामीण) को दिये। साथ ही कसडोल के मड़वा गांव में बिजली खंभों में केबल की ऊंचाई को लेकर लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ अभियंता सूरज खटकर को निलंबित करने के निर्देश एसई बलौदाबाजार को दिये। इस पर अमल करते हुए तत्काल निलंबन आदेश जारी कर दिया गया है तथा निलंबित अधिकारियों को महासमुंद और कसडोल में अटैच किया गया है।

## ब्लास्टिंग से पूर्व माध्यमिक शाला, स्कूल भवन क्षतिग्रस्त, छात्र और शिक्षक भयभीत

# माइंस ब्लास्टिंग से दहशत में रानी जरौद के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला


पूर्व माध्यमिक शाला रानी जरौद इन दिनों गंभीर संकट से जूझ रही है। स्कूल भवन की छत और दीवारें माइंस ब्लास्टिंग के कंपन से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। छत की सीमेंट की परतें और टाइल्स टूटकर गिरने लगी हैं, जिससे स्कूल में पढ़ रहे बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा पर गहरा संकट मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों और स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि क्षेत्र में आसपास माइंस है और लगभग 40 से 50 क्रेशर है। रोजाना दोपहर के समय तेज ब्लास्टिंग होती है, जिससे पूरे भवन में कंपन महसूस होता है। इस कंपन के कारण स्कूल भवन की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। छात्रों और ग्रामीणों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही ब्लास्टिंग पर रोक नहीं लगी तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्कूल भवन की छत गिरने की घटनाएं शुरू हो चुकी हैं और दीवारों से टाइल्स टूटकर गिर रहे हैं। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर जोरदार मांग उठाई है कि क्षेत्र में हो रही खनन गतिविधियों को रोका जाए और स्कूल भवन की मरम्मत कर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उनका कहना है कि पिछले दो-तीन वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन अब स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी है।

कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने बताया कि स्कूल में दोपहर के समय जोर से ब्लास्टिंग होती है कक्षा में रहते हैं छत से सीमेंट के टुकड़े गिरते हैं बहुत डर लगता है टेबल बेंच हिल जाता है। हमारी मांग है अतिशीघ्र ब्लास्टिंग बंद की जावे।

पूर्व माध्यमिक शाला रानी जरौद के प्रभारी प्रधानपाठक नीरज अग्रवाल ने बताया स्कूल रानी जरौद में हैं, जो माइनिंग एरिया में आता है यहां आसपास बहुत सारे माइंस है जहां पर ब्लास्टिंग होती है। ब्लास्टिंग कारण से स्कूल में कंपन होता है लगभग 3 से साढ़े 3 बजे आसपास 2 बार ब्लास्टिंग होती है, जिससे छत का जो पपड़ी है वह गिरता है 2 कमरा ज्यादा ही जर्जर है जिसमें बच्चे ▸▸ शेष पेज 11 पर







### निरीक्षण के बाद लगाई जायेगी रोक

जिला खनिज अधिकारी अवधेश बारीक ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुआ है, इसके पूर्व जो है इस प्रकार का कोई हमको शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है तत्काल खनिज टीम को टेलीफोन से सूचना दी गई है जा कर उस क्षेत्र का निरीक्षण करे तत्काल ब्लास्टिंग को बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं तथा जांच कर रिपोर्ट दें, निरीक्षण करने के बाद ही उचित कार्रवाई की जावेगी।

# शनिवार को शाला संचालन का समय यथावत रखे सरकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

शासन द्वारा 22 जुलाई को आदेश जारी कर शाला समय में परिवर्तन करते हुए सुबह 7.30 बजे के स्थान पर 10 से 4 बजे लगाने का आदेश जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा संयुक्त संचालक रायपुर संजीव श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर शाला का समय शनिवार को प्रातः 7.30 बजे से रखने की मांग की गई। लेख है कि विगत कई वर्षों से शाला का संचालन शनिवार को प्रातः कालीन संचालित किया जा रहा है, जिसमें योग, व्यायाम, खेल व विभिन्न शारीरिक, शैक्षणिक गतिविधियां कराई जा रही है, जिसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है।

- शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन और की मांग

उपरोक्त गतिविधियों के लिए प्रातः कालीन समय ही उपयुक्त है। साथ ही सप्ताह में 1 दिन समय परिवर्तन से विद्यार्थियों, शिक्षकों में अच्छा प्रभाव पड़ता है। अतः शनिवार को शाला संचालन का समय प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक रखा जावे, ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### आयुक्त ने अरमान नाला का किया निरीक्षण

**रायपुर।** निगम आयुक्त विश्वदीप ने पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्षेत्र के अंतर्गत अरमान नाला का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद आकाश तिवारी, जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव उपस्थित रहे। आयुक्त ने अरमान नाला क्षेत्र के रहवासी इलाकों में जलभराव की समस्या दूर करने नाला चौड़ीकरण के संबंध चर्चा की। साथ ही आवश्यकता अनुसार नाला चौड़ीकरण करने जल्द प्रतिवेदन देने जोन 4 कमिश्नर को निर्देश दिए। निगम आयुक्त विश्वदीप ने अरमान नाला के दौरे के दौरान गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद कैलाश बेहरा, शंकर नगर वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता के साथ नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के साथ दोपहर 1 बजे बैठक बुलाकर जोन 3 के कार्यपालन अभियंता और जोन 4 के कार्यपालन अभियंता शेखर सहित संबंधित वार्ड के पार्षद की उपस्थिति में अरमान नाला के गहरीकरण और चौड़ीकरण के लिए आपसी सहमति बनाई। इसमें आम जनता को जलभराव से होने वाली समस्या का निदान आपस में मिलकर जन प्रतिनिधि सहित करने सहयोग पर जोर दिया गया।

### बीएससी नर्सिंग के परिणाम घोषित

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बीएससी नर्सिंग के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 29 मई को आयोजित की गई थी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए लगभग 46000 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। इनमें से 67 प्रतिशत छात्र ही परीक्षा दिलाने पहुंचे थे। दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद व्यापम ने बुधवार को अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। इसके आधार पर अब नर्सिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी।

### राज्य स्तरीय विराट भजन प्रतियोगिता

**रायपुर।** श्री सरल सरिता भजनामृत भजन समिति की ओर से 3 अगस्त को नागपंचमी के उपलक्ष्य में पुराने संस्कार एवं रीति रिवाज को पुनः उजागर करने के उद्देश्य से कुशालपुर में राज्य स्तरीय विराट भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### नवा रायपुर में बनेगी अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी : थौरानी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय भवन अटल नगर नया रायपुर में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। छत्तीसगढ़ चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि, यह निर्णय न केवल राज्य के कुशल और प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। बैठक में कई निर्णय लिए गए। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी एक सशक्त पहचान दिलाएगा। कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) को नवा रायपुर (अटल नगर) के सेक्टर-3, ग्राम परसदा में 7.96 एकड़ भूमि आबंटित कर अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी की स्थापना की स्वीकृति दी गई है।

### मुस्लिम मनिहार बिरादरी का प्रदेशाध्यक्ष चुनाव 14 सिंतबर को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 14 सितंबर को राजनांदगांव में होने वाला है। चुनाव समिति के संयोजक शकील अहमद ने बताया कि यह मुस्लिम मनिहार बिरादरी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव है, जिसे निष्पक्ष गुप्त मतदान द्वारा कराया जाएगा। शकील अहमद के अलावा हाजी वसीम अहमद जगदलपुर, हाजी प्रोफेसर आरिफ साहब दुर्ग, शेख अलीम बिलासपुर, मोहम्मद नईम एडवोकेट रायपुर, मोहम्मद शफी राजिम, मोहम्मद हफीज वारसी राजनंदगांव, अनीश रायपुर, मोहम्मद नौशाद बक्स महासमुंद मौजूद है।

# 15 दिन की फील्ड विजिट अनिवार्य, मरीजों के आधार पर डॉक्टरों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर के अधिकारी महीने के 15 दिन फील्ड विजिट करेंगे। इसके साथ मरीजों की संख्या और आवश्यकताओं के आधार पर चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की दो दिनी समीक्षा की बुधवार को समाप्ति हुई।

बैठक का अंतिम दिन जिलों से आए सिविल सर्जनों की सक्रिय सहभागिता और जिलेवार चर्चा के साथ पूरा हुआ। बैठक की अध्यक्षता कर रहे स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया, जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना ही प्रभावी योजना निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करने का आग्रह करते हुए कहा कि योजनाओं का प्रभाव तभी दिखेगा जब अधिकारी व्यक्तिगत उत्तरदायित्व लेकर कार्य करेंगे। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली का अनिवार्य उपयोग करते हुए कर्मचारियों की उपस्थिति की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

- डिजिटल निगरानी और कानूनी प्रकरणों का समय पर निपटारा
- स्वास्थ्य सेवाओं की दो दिनी समीक्षा बैठक का समापन



#### जिले प्रदर्शन में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य करें

उन्होंने वित्तीय संसाधनों के समयबद्ध और सुनियोजित उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि बजट का उद्देश्यपरक व्यय ही योजनाओं को सफल बनाता है। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विधिक प्रकरणों का त्वरित और प्रभावी निराकरण प्राथमिकता से किया जाए, ताकि कार्यों में बाधा उत्पन्न न हो। बैठक के दौरान राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, अस्पताल प्रशासन, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, जीवन धारा योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, वित्तीय प्रगति, स्थापना व अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि सेवा की गुणवत्ता को मापने के लिए राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन अनिवार्य है, और सभी जिले प्रदर्शन में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य करें।

### अंतिम लेयर कार्पोरेट अकाउंट से पैसे ट्रांसफर कर विदेश ट्रांसफर किया जा रहा

# ऑनलाइन ठगी की रकम तीन लेयर अकाउंट से ठगों तक पहुंचाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन ठगी करने के शातिर जालसाज चैनल के माध्यम से रकम पहले विदेश ट्रांसफर कर फिर वापस अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराकर ठगी की रकम को शातिराना अंदाज में बचा रहे हैं। ठगी की रकम को बचाने जालसाज सेविंग एकाउंट में जमा कराने के बाद करंट तथा कार्पोरेट अकाउंट में जमा कराने के बाद यूएई, दुबई सहित कई अन्य देशों में डॉलर में कन्वर्ट कराकर ट्रांसफर कराने के बाद पुनः किसी दूसरे करंट अकाउंट में वापस मंगाकर लोगों की जेबें काट रहे हैं। कार्पोरेट अकाउंट से रकम विदेश ट्रांसफर होने के बाद रिकवर करने किसी तरह से कोई व्यवस्था नहीं है।

खास खबर

साइबर पुलिस के अनुसार ऑनलाइन ठगी करने के जालसाज निजी के साथ प्राइवेट बैंकों में लोगों को कमीशन देने का लालाच देकर सेविंग के साथ करंट अकाउंट खुलवाते हैं या फिर अन्य लोगों से अकाउंट किराए पर लेते हैं, जिसे म्यूल अकाउंट कहा जाता है। ठगी की रकम ट्रांसफर करने यह दोनों अकाउंट महत्वपूर्ण कड़ी है। साइबर पुलिस इन्हीं दोनों अकाउंट में जमा रकम को बैंक में फ्रीज करा पाती है। कार्पोरेट अकाउंट में रकम ट्रांसफर होने की तत्काल जानकारी मिलने पर साइबर पुलिस फ्रीज करा सकती है। करंट से जिस कार्पोरेट अकाउंट में रकम ट्रांसफर होती है, इसकी जानकारी पुलिस को जब तक मिलती है, जालसाज रकम को बिटक्वाइन या फिर डॉलर में कन्वर्ट कराकर विदेश ट्रांसफर कर चुका होता है।

#### रकम विदेश ट्रांसफर होने के बाद रिकवरी की कोई व्यवस्था नहीं

### ऐसे ट्रांसफर करते हैं ठगी की रकम

*सेविंग अकाउंट- जालसाज सेविंग अकाउंट में पांच से पचास हजार रुपए ठगी की रकम ट्रांसफर करते हैं। ठगी की रकम ट्रांसफर करने म्यूल अकाउंट का उपयोग करते हैं। म्यूल अकाउंट उपयोग करने की वजह पुलिस को झांसा देना है।*

*करंट अकाउंट- अलग-अलग सेविंग अकाउंट में आई ठगी की रकम को जालसाज करंट अकाउंट में ट्रांसफर करते हैं। करंट अकाउंट की रकम को किसी एक राज्य में आहरण करने के बजाय देश के अलग-अलग राज्य के बैंकों में जाकर आहरण करने के साथ ट्रांसफर करते हैं। ऐसा करने की वजह पुलिस को गुमराह करना है।*



सिम का इस्तेमाल जालसाजी के साथ और कई गंभीर अपराधों में किया जा रहा

जब्त साढ़े सात हजार सिम का इस्तेमाल विदेश के साथ दूसरे प्रदेशों में कर रहे थे जालसाज

*कार्पोरेट अकाउंट- कर्पोरेट अकाउंट जालसाजों का एक तरह से मनी पार्किंग अकाउंट है। करंट अकाउंट में जमा जिस रकम को किसी अन्य अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है, वह कार्पोरेट अकाउंट होता है। कई जगह से करंट अकाउंट से ठगी की रकम को कार्पोरेट अकाउंट में जमा किया जाता है। कार्पोरेट अकाउंट के लिए जालसाज फर्जी लॉजिस्टिक कंपनी बनाकर बैंक में अकाउंट खुलवाते हैं। लॉजिस्टिक कंपनी के नाम से अकाउंट होने की वजह से जालसाज आयात निर्यात करने का झांसा देकर कार्पोरेट अकाउंट में जमा रकम को डॉलर में कन्वर्ट कराकर विदेश भेजते हैं।*

*60 प्रतिशत से ज्यादा रकम कमीशन में ठगी की रकम को एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट के माध्यम से विदेश भेजने के बाद विदेश में बैठा जालसाज अपना कमीशन काटकर देश में बैठे जालसाज के अकाउंट में पुनः ट्रांसफर करने का काम करते हैं। विदेश में जो जालसाज होते हैं उनमें नाइजीरियन गिरोह से जुड़े लोगों के अलावा जालसाज द्वारा नियुक्त कमीशन एजेंट रहता है।*

*रकम वापसी कोई व्यवस्था नहीं कार्पोरेट अकाउंट से रकम ट्रांसफर होने के बाद रकम वापस हासिल करने स्थानीय स्तर पर पुलिस कुछ नहीं कर पाती। कार्पोरेट अकाउंट के माध्यम से जो रकम विदेश ट्रांसफर किया जाता है, उसे केंद्रीय वित्त मंत्रालयल के साथ विदेश मंत्रालय की दखलंदाजी के बाद ही रिकवर किया जा सकता है।*

#### ठगी होने पर तत्काल शिकायत करें

*साइबर पुलिस के अफसरों के अनुसार ऑनलाइन ठगी होने की स्थिति में पीड़ित को संबंधित बैंक के साथ नजदीकी थाने में तत्काल शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इसके साथ ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इससे जालसाजों के अकाउंट में ट्रांसफर रकम तत्काल होल्ड होती है। होल्ड रकम को जालसाज किसी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर नहीं कर पाता।*

## अमेरा में पटेल समाज छात्रावास एवं सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हरदिहा पटेल मरार समाज लवन राज के अंतर्गत परिक्षेत्र अमेरा में पटेल समाज छात्रावास एवं सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह का आयोजन 31 जुलाई को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज के संरक्षक रामाधार पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लवन राज पटेल समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक हेमंत पटेल ने किया। इस असवर पर ग्राम पंचायत अमेरा के सरपंच शैलेन्द्री पटेल, लवन राज कोषाध्यक्ष बिपत पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष रामकृष्ण पटेल, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर पटेल, ग्रामीण सचिव राधे पटेल के अलावा समाज प्रमुख काफी संख्या में उपस्थित थे।

समारोह में मुख्य अतिथि रामाधार पटेल ने कहा कि ग्राम अमेरा में उक्त भवन निर्माण होने से जहां बच्चों को पढाई के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं सामाजिक गतिविधियों के संचालन में भी कारगर साबित होगा। उन्होंने सामाजिक एकता एवं रचनात्मक गतिविधियों में समाज को आगे आकर कार्य करने पर बल दिया। समारोह अध्यक्ष हेमंत पटेल ने समाज के अन्य गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने पर समाज के द्वारा प्रोत्साहित किये जाने की बात कही। इस अवसर पर उक्त भवन निर्माण हेतु अतिथियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त भी किया गया। कार्यक्रम में लवन राज के सलाहकार जीवन पटेल, परिहा प्रमुख सीताराम, भरत, लखन लाल, चोवाराम, खिलेश के अलावा कवि एवं सामाजिक कार्यकर्ता बिसौहा प्रसाद चतुर्वेदी, रामजी साहू आदि उपस्थित थे।

- भवन निर्माण होने से जहां बच्चों को पढाई के लिए सुविधा उपलब्ध होग

## फर्जी आदेश से पढ़ा रहा था शिक्षक मूल शाला में वापसी पर खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला नारायणपुर के प्रधान पाठक सम्मेलाल साहू ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित जिले के तमाम अधिकारियों के समक्ष सहायक शिक्षक संतोष कुमार साहू की शिकायत की है। शिकायत में उक्त प्रधान पाठक ने आरोप लगाया है कि श्री साहू प्रधानपाठक व तात्कालिक बीईओ का फ़र्जी हस्ताक्षर से प्रमाणपत्र तैयार कर बीते 2 जनवरी 2023 से 6 जून 2025 तक फर्जी आदेश के तहत नौकरी किया। दरअसल प्रधानपाठक ने सौंपे शिकायत पत्र में बताया कि सहायक शिक्षक

संतोष कुमार साहू का मूल शाला नारायणपुर था, लेकिन तात्कालिक बीईओ राधेलाल जायसवाल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला आदर्श कसडोल में अध्यापन व्यवस्था के लिए 2 जनवरी 2023 को आदेश क्रमांक 06 के तहत आदेशित किया गया था जिसके परिपालन में उक्त तिथि को शासकीय प्राथमिक शाला आदर्श कसडोल के लिए संतोष कुमार साहू सहायक शिक्षक को कार्यमुक्त कर दिया गया था, लेकिन उक्त शिक्षक ने वहां जॉइनिंग नहीं किया, बल्कि फर्जी आदेश बनाकर अन्य स्कूल में जॉइनिंग लेकर पढ़ाते रहे।

- प्रधानपाठक ने कलेक्टर सहित शिक्षा अधिकारियों से की शिकायत



#### मानहानि का दावा करूंगा

जो भी शिकायत की गई है, सभी शिकायत बेबुनियाद है। मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का फर्जी नहीं किया है। यदि शिकायत पर सत्यता नहीं पायी गई तो शिकायत करने वाले के खिलाफ मानहानि का दावा करूंगा।

-**संतोष साहू**, सहायक शिक्षक

#### जांच के बाद कार्रवाई

कल पुटपुरा और कोसमसरा के प्रिंसिपल को जांच करने के लिए पत्र जारी किया हूं। जांच के बाद कार्रवाई किया जायेगा।

-**अरविंद ध्रुव**, प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कसडोल

## क्लस्टर स्तरीय स्पर्धा में नवोदय के छात्रों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बनायी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जवाहर नवोदय विद्यालय लवन, बलौदाबाजार के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर क्लस्टर स्तरीय अलग-अलग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना जगह बनाया है।

नवोदय विद्यालय लवन, बलौदाबाजार के कक्षा आठवीं के छात्र अक्षांश कश्य, पिता कपिल कश्यप, माता शालिनी कश्यप, ढेंकनाल, ओडिशा में आयोजित रिजनल लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम दर्ज कराया। अगला राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट का आयोजन कुरुक्षेत्र हरियाणा में किया जाना है। टेबल टेनिस में कक्षा आठवीं के छात्र सुयश मिरि पिता भगवान दास मिरि माता सरिता मिरि, रायपुर रिजनल लेवल टेबल टेनिस में भाग लेकर राष्ट्रीय खेल स्तर पर खेलने के लिए अपना स्थान बनाया। राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस का आयोजन आसाम में किया जायेगा। कक्षा दसवीं की छात्रा तनिष्का सेठ जो की जवाहर




नवोदय विद्यालय के खेल शिक्षक प्रदीप कुमार एवं माता स्नात्तकोत्तर शिक्षिका मंदोदरी सेठ की सुपुत्री है। तनिष्का नें अंगुल ओड़शिा में आयोजित रिजनल लेवल बैडमिंटन में चयन होकर राष्ट्रीय स्तर पर खेल में अपना स्थान बनाया।

राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन का अगला प्रतियोगिता कौशाम्बी, उत्तर प्रदेश में अगस्त महीने में आयोजित होगा। इसी क्रम में नवोदय विद्यालय के कक्षा बारहवीं के छात्र अनुराग चौहान पिता सुमेर चौहान माता सीमा चौहान, गूना मध्यप्रदेश में आयोजित रिजनल लेवल पर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्थान बनाया। अनुराग राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबॉल गूना मध्यप्रदेश में ही खेलेंगे। नवोदय विद्यालय लवन, बलौदा बाजार के प्राचार्या बी. गिरजाजी ने राष्ट्रीय स्तर पर खेल में अपना स्थान बनाने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी।

प्राचाये ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता जवाहर नवोदय विद्यालय लवन, बलौदाबाजार सहित पूरे जिले के लिए गर्व और गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के बहुत से खिलाड़ी विभिन्न स्तर पर अन्य प्रतियोगिता के लिए चयनित हो चुके हैं। यह विद्यालय के लिए गर्व, सम्मान और उत्साहजनक है, इससे अन्य छात्रों में भी खेल के प्रति रूचि बढ़ेगी और आने वाले समय में विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। नवोदय विद्यालयों में नियमित खेल छात्रों के समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यहां विभिन्न प्रकार के खेल और खेलकूद सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिनमें राष्ट्रीय स्तर तक के अवसर शामिल हैं। नवोदय विद्यालय समिति की ओर से अलग-अलग रीजन में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजित किया गया था। इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार में काफी खुशी और उत्साह है।

## आत्मनिर्भर बनने पर स्वसहायता समूह की सदस्य सम्मानित

**पलारी।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पलारी में स्व सहायता समूह की दीदियों को ऋण सहायता उपलब्ध करा कर उनके दैनिक जीवन स्तर को सुधारने मे सहायक सिद्ध होने एवं सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने की मदद की करने के लिए महिला स्व सहायता समूह द्वारा बैंक के सेवायुक्तों को सम्मानित किया गया। जिसमें बैंक द्वारा विगत वित्तीय वर्ष मे स्व सहायता समूहों की दीदियों को दो करोड़ अस्सी लाख रुपये की ऋण राशि उपलब्ध कराई गई, जिसे वे अलग-अलग कामो में व्यय कर उनसे लाभ कमाकर आत्मनिर्भर बनी। इसके साथ ही बैंक द्वारा सहायता समूहों की सदस्यों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से जोड़ा गया तथा बैंक द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।



## ननों और आदिवासी युवक के मामले को खारिज करें, जांच कराने सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग में कैथोलिक ननों और एक आदिवासी युवक से जुड़ा मामला अब राजनीतिक तूल पकड़ने लगा है। ननों के साथ हुई घटना को लेकर छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए माकपा सांसद दल में पूर्व सांसद वृंदा करात, एए रहीम सांसद और के. राधाकृष्णन शामिल हैं।

दुर्ग में कैथोलिक ननों पर अनर्गल आरोप लगाते हुए की गई गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताया है। सांसद पीपी सुनीर, के. जोस, पूर्व सांसद ऐनी राजा ने इस मामले को खारिज करने और घटना की जांच करवाने की मांग सीएम विष्णु देव साय से पत्रकार वार्ता के माध्यम से की है। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने वाली ननों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया है। वह किसी भी लिहाज से सही नहीं है। उनसे जबरिया बयान लेने का प्रयास किया जाना, गैरकानूनी और राजनीति से प्रेरित है। आरोप लगाया कि क्या छत्तीसगढ़ में अलग कानून चलता है?। प्रेस वार्ता में वृंदा करात ने भाजपा, आरएसएस और बजरंग दल पर निशाना साधते हुए कहा "क्या छत्तीसगढ़ में कुछ संगठनों को कानून हाथ में लेने की छूट है?, पुलिस की मौजूदगी में एक आदिवासी लड़की के साथ मारपीट हुई और जबरन बयान दिलवाया गया कि वह अपनी मर्जी से नहीं जा रही थी। उन्होंने कहा कि हम छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। सीएम विष्णु देव साय से मिलने का प्रयास किया, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई है। पत्रकार वार्ता के माध्यम से हम सीएम साय से मांग करते हैं कि ननों पर लगे झूठे आरोपों को खारिज किया जाए। जिन लोगों ने बदसलूकी या हिंसा की है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



- छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए सांसद दल ने पत्रकार वार्ता में उठाया सवाल

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला का हुआ सामान्य प्रसव, तीन बच्चें को दिया जन्म



भाटापारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा में ग्राम कोदवा निवासी सरोजिनी पति हेमलाल वर्मा 29 वर्ष ने सामान्य प्रसव के माध्यम से तीन बच्चों को जन्म दिया। तीनों शिशु पूर्णतः स्वस्थ हैं और मां की भी स्थिति सामान्य है।

इस सफल प्रसव प्रक्रिया के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्वास्थ्य स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी के मार्गदर्शन में नवजात शिशुओं एवं प्रसूता का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत सभी शिशु पूरी तरह स्वस्थ पाए गए।

यह उपलब्धि सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं टीम के समर्पण को दर्शाती है। चिकित्सा टीम ने इस जटिल प्रसव को सफलतापूर्वक संपन्न कर, एक मिसाल कायम की है।

## खबर संक्षेप

### सेन युवा प्रकोष्ठ ने संगठनात्म विषयों पर की चर्चा

**पलारी।** ड्योढ़ीपार सेन समाज युवा प्रकोष्ठ की प्रथम बैठक प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सेन के अध्यक्षता में रामनगर, रायपुर में हुई। इसमें प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी उपाध्यक्ष कपिल श्रीवास, प्रदेश महासचिव शिवकुमार श्रीवास, प्रदेश कोषाध्यक्ष खेमराज सेन एवं सदस्यगण अंचल के सामाजिकगण शामिल हुए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सेन द्वारा युवा प्रकोष्ठ के निर्माण, उद्देश्य, कर्तव्य के साथ-साथ किन दिशाओं में युवा वर्ग अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इस पर प्रकाश डाला गया, साथ ही प्रदेश से आए हुए पदाधिकारियों और सदस्यों से संवाद कर सुझाव मांगे गए। संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकारिणी विस्तार किया गया, जिसमें ठालेश सेन को प्रदेश संयोजक व नूतन कुमार सेन को प्रभारी महामंत्री (संगठन) का दायित्व दिया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ भूपेंद्र कुमार सेन, उपाध्यक्ष कपिल श्रीवास, महासचिव शिवकुमार श्रीवास, कोषाध्यक्ष खेमराज सेन, स्वपल श्रीवास, रामू सेन, श्यामरतन सेन, दुलार सेन, बलराम सेन, गौकरण सेन, गोपाल सेन, रूपेश सेन, गोविंदा सेन, द्रोणाचार्य सेन, लवकुमार सेन, लव सेन, घनश्याम सेन, अनसहद सेन, रायपुर महासभा के अध्यक्ष विजय सेन, ठलेश सेन, सागर सेन, प्रीतपाल सेन, नूतन कुमार सेन तथा अन्य युवा सदस्य गण सम्मिलित हुए।

### प्री मैट्रिक छात्रावास से छठवीं का छात्र भागा कुछ घंटों में मिला

**महासमुंद।** बागबाहरा स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी के बालक छात्रावास से बुधवार को एक छात्र के भागने की फिराक में था, जिसे खोज लिया गया। बताया जा रहा है कि छात्र कल दोपहर से ही गायब था। इसी बीच हॉस्टल के बाहर सामान लेने गए छात्रों ने उसे देखा और हॉस्टल अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। मालूम हो कि छठवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र हॉस्टल से भाग रहा था। यह छात्र बागबाहरा के वनांचल गांव से यहां रह कर पढ़ाई करने के लिए आया है। सुबह ही उनके परिवार वाले भी छात्र से मिलने आए थे। उसके बाद छात्र दोपहर में हॉस्टल से भाग निकला। हालांकि बाद में उसे खोज लिया गया। खंड प्रभारी बागबाहरा आदिम जाति कल्याण विभाग के मनोज चौधरी से इस विषय में बताया कि बच्चे के पालक उनसे मिलने आए थे, तभी बच्चा उनके साथ जाने की जिद कर रहा था। उनके पालक चले गए तो बच्चे ने भी वहां से भागने की कोशिश की होगी। इस तरह से बर्ताव नए बच्चों में अक्सर होता है। छात्रावास अधीक्षक के मुताबिक हॉस्टल के छात्रों की मदद से बालक को पकड़ लिया गया और परिजनों को सौंपा गया है। इस प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में कुल 42 बच्चे रहते हैं जो यहां रहकर अपनी शिक्षा लेते हैं। हॉस्टल से छात्र के भाग निकलने और मिल जाने की खबर के बाद छात्रावास की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्टेट हाईवे 353 के किनारे यह हॉस्टल स्थित है। यहां एक अधीक्षक हैं।

# विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना सिखाता है शिव पुराण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी रावन

हिरमी में ग्रामवासियों के सहयोग से बालाजी प्रांगण में चल रही शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रोता झूम उठे। चित्रकूट से शिक्षा प्राप्त अमेरा पलारी से कथावाचिका राधिका देवी पाण्डेय के श्रीमुख से कथा के दौरान, श्रोताओं ने उत्साह और आनंद का अनुभव किया, जिससे वातावरण भक्तिमय और ऊर्जावान हो गया। जब नारदजी ने शिवजी से कहा कि जिस कामदेव पर आप नहीं विजय कर पाए उस पर मैं विजय प्राप्त कर चुका हूं, मैंने स्वयं जीता है। भगवान शंकर सिंहासन से उठकर अपने गले की रुद्राक्ष की माला देवऋषि नारद के गले में डाल दी।

## हिरमी के बालाजी प्रांगण में शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रोताओं की भीड बढ़ी





### श्रोताओं ने शिव महापुराण आनंद के साथ सुना

कथा के तीसरे दिन, श्रोताओं ने शिव महापुराण की कथा को उत्साह और आनंद के साथ सुना। कथावाचिका के अनुसार कथा के दौरान, श्रोताओं ने न केवल कथा सुनी, बल्कि वे कथा के साथ-साथ झूमते भी रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय और ऊर्जावान हो गया। यह उत्साह और आनंदपूर्ण माहौल दर्शाता है कि कथा श्रोताओं के दिलों को छू रही थी और उन्हें भगवान शिव की महिमा से जोड़ रही थी।परंतु यह लिखा गया है कि शंकर करुणा कृपा और दया कैसे करते हैं। भगवान को प्रिय नहीं है निंदक, नकली और नास्तिक प्रिय है। पुरी शिवमहापुराण कथा को उठाकर देख लीजिए चौबीस हजार श्लोक की यह कथा है, पूरी कथा में किसी भी देवी या देवता की कहीं भी निंदा नहीं की गई है।

कोई साधक कोई उपासक अपने गले की माला उतार कर आपके गले में डाल रहा है तो इसका मतलब यह है कि मेरे परमात्मा के चित्र में, जो मेरे चित्र में राम नाम की माला जपी हुई है वह मेरे मालिक के माध्यम से तुम्हारे सीने तक जाए और तुम्हारे अंदर उतर जाए तुम्हारे हृदय उतर जाए। उन्होंने नारदजी की कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा जब नारदजी काम पर विजय प्राप्त कर लेते हैं और देव ऋषि नारद देवाधिदेव महादेव के पास जाते हैं, शंकर भगवान ने देखा कि देव ऋषि नारद आए हैं तो उन्हें प्रणाम किया। महादेव ने कहा है कि कोई ऋषि कोई उपासक कोई संत घर आया है तो उसका सम्मान करना सीखिए।


## स्कूल में नहीं किचन शेड, रसोईया घर से बनाकर लाता है मध्यान भोजन

# जान जोखिम में डाल नाला पार कर स्कूल जाने बच्चे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव







एक तरफ छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों के भविष्य को लेकर तरह तरह के योजनाएं चला रही है। ताकि बच्चे जो है पढ़ लिखकर अच्छी शिक्षा हासिल कर सकें। लेकिन ये सारी योजनाएं ग्राम पंचायत चारपाली के आश्रित ग्राम रनकोट में फेल होती नजर आ रही है।

विदित हो कि ग्राम पंचायत चारपाली के ग्राम रनकोट चारो ओर से जंगलों से घिरा हुआ है, यहां तक की बच्चे जो है उबड़-खाबड़ कच्ची सड़क के साथ नाले पार कर स्कूल जाने मजबूर हैं। वहीं प्राथमिक शाला रनकोट के स्कूली बच्चो को कई प्रकार की परेशानियों से जुझना पड़ रहा है।

इतना ही नहीं वहां पढ़ने वाले बच्चों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां स्कूल में किचन शेड, स्कूल के छत से पानी टपकना, छत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है जिससे बच्चों को स्कूल में बैठने की समस्या हो रही है। वहीं बच्चे जो है अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए जान जोखिम में डाल कर नाला पार कर स्कूल पहुंच अपनी पढ़ाई पूरा करते हैं।

प्राथमिक शाला रनकोट में 43 बच्चे हैं और उनको पढ़ाने वाला एक प्रधान पाठक ऐसे में एक प्रधान पठाक से 43 बच्चों का भविष्य कैसे संवारेगा, वहीं हम बात करें किचन शेड की तो रनकोट स्कूल में किचन शेड ही नहीं बना है और रसोईया द्वारा अपने घर से मध्यान भोजन बना कर लाते हैं और बच्चों को देते है। इसी तरह की और कई समस्याओं से जूझ कर बच्चे अपना अध्ययन करने को मजबूर हैं, वहीं जब सारंगढ़ जिला नहीं बना था बलौदाबाजार जिला था तब जिला कलेक्टर बलौदाबाजार चारपाली में समस्या निवारण शिविर में पहुंचे थे, तभी ग्राम पंचायत रनकोट के ग्रामीणों ने बलौदाबाजार कलेक्टर को अपने गांव रनकोट लेकर गये थे तब बलौदाबाजार कलेक्टर ने आश्वासन दिया था कि आप लोगों की मांग पर यहां बहुत जल्द नाला, सड़क और स्कूल की समस्या का निवारण हो जायेगा, लेकिन स्थिति ऐसी है कि आज तक ग्राम रनकोट मे ना तो सड़क बनी, ना ही पुल बन पाया। यहां तक कि किसी भी अधिकारी द्वारा आज तक ग्राम रनकोट जाने की फुर्सत नहीं मिली है।




### एक प्रधानपाठक के भरोसे है 43 बच्चों का भविष्य

इस योजना में से मध्यान भोजन जैसी समस्या से लेकर अनेक समस्याओं से रनकोट स्कूल बना है रनकोट स्कूल में मध्यान भोजन का संचालन किया जा रहा है ताकि बच्चों को भोजन स्कूल में ही मिल सके और बच्चों की भविष्य उज्जवल हो सके परन्तु यहां किचन शेड खराब स्थिति में होने के कारण मध्यान भोजन रसोईया द्वारा स्वयं अपने घर से मध्यान भोजन बनाकर बच्चों के लिए स्कूल लेकर आता है और इस प्राथमिक शाला में एक प्रधान पाठक 43 बच्चों को शिक्षा देकर भविष्य बनाने में लगे हुए है जहां कक्षा एक से पांचवीं तक के सभी बच्चों को एक प्रधान पाठक अकेला शिक्षा दे रहे हैं। एक प्रधान पाठक के भरोसे रनकोट स्कूल चल रहा है यहां के बच्चे भी शिक्षा अध्ययन करने में अधिक रूचि दिखा रहे हैं।

### प्रस्ताव भेजे हैं

स्कूल भवन जर्जर स्थिति में है अन्य कोई शासकीय भवन वहां नहीं है एक पाठकीय शाला की जानकारी भेजे है किचन शेड के लिए जिला भेजे है स्वीकृति होगा तो कार्य कराया जाएगा।
**-फणेन्द्र सिंह नेताम,** बीआरसीसी

### जल्द होगी शिक्षक की व्यवस्था

जिला में जानकारी भेज दी गई है। शिक्षक की व्यवस्था 15 अगस्त तक हो जायेगी और नाला के लिए सरपंच सचिव प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे।
**-एस.एन.साहू,** विकास खंड शिक्षा अधिकारी

### जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा के लिए 12 छात्रों का चयन





**हिरमी-रावन।** सत्र - 2025-26 बुधवार को उ.मा. विद्यालय मोहरा के विद्यार्थियों ने वार्षिक शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया। शाला में प्रतियोगिता के दौरान योगा एवं शतरंज खेल का आयोजन हुआ, जिसमें कई बच्चों ने हिस्सा लिया। अंत में योगा एवं शतरंज खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल - 12 बच्चों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ एवं संकुल स्तर की प्रतियोगिता योगा एवं शतरंज के लिए 07 बच्चों का चयन किया गया। मुख्य रूप से युवंशी वर्मा श्रद्धा वर्मा, विद्या वर्मा, पूनम वर्मा, शुभम यादव, मोनिका यादव, साधना वर्मा, श्वेता वर्मा, सागर, राहुल आदि विद्यार्थियों ने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल शिक्षक - अनुरुद्ध सिंह राजपूत द्वारा इन बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के पी राय सर एवं समन्वयक एम कवर्तय समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## शिव पार्वती की वेशभूषा में स्कूली बच्चों ने निकाली कावड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

शासकीय विद्यालय टोहड़ा में श्रवण मास के तीसरे सोमवार को स्कूली बच्चों ने भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की वेशभूषा में विद्यालय परिसर से गांव के प्रसिद्ध मंदिर चार कोरी चौरासी दाई में जाकर तोहड़ेश्वर महादेव का दर्शन पूजन व भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक किया। इस कावड़ यात्रा में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के जयघोष/"जय भोलेनाथ हर हर महादेव, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं, एक लोटा जल सारी समस्याओं का हल का जयघोष किया। इस कावड़ यात्रा में बच्चों साथ-साथ गांव के गणमान्य नागरिक सभी शिक्षक वृंद एवं बच्चे कतारबद्ध होकर अपने अपने घरों से सुंदर कावड़ बनाकर लाए और भगवान का जलाभिषेक किया और मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात लोक कल्याण एवं लोगों की सुख समृद्धि की कामना की।

# जिले में राजस्व अधिकारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आह्वान पर प्रदेश के समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार 17 सूत्रीय न्यायोचित मांगों की पूर्ति हेतु विगत कई सप्ताहों से चरणबद्ध आंदोलनरत हैं। शासन द्वारा 30 जुलाई तक किसी प्रकार की ठोस पहल अथवा निर्णय न लिए जाने के कारण, 31 जुलाई से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी गई है।

31 जुलाई को संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार लहरे के नेतृत्व में प्रांतीय पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग अविनाश चंपावत से लगभग 1.30 घंटे की विस्तृत चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान संघ द्वारा सभी 17 मांगों की वस्तुनिष्ठ स्थिति सचिव के समक्ष प्रस्तुत की गई। सचिव द्वारा यह जानना चाहा गया कि प्राथमिकता के आधार पर कौन-सी मांगें सर्वप्रथम पूरी की जानी चाहिए। इस पर संघ ने यह स्पष्ट किया कि सभी मांगें अत्यंत आवश्यक हैं, परंतु मांगें- प्रत्येक तहसील में कम से कम दो कुशल ऑपरेटर, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर तथा इंटरनेट भत्ते की व्यवस्था, तहसीलों हेतु पृथक वाहन, ईंधन एवं चालक की स्थायी व्यवस्था। डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति हेतु 50:50 अनुपात को पुनः लागू किया जाए। ग्रेड-पे में सुधार नायब तहसीलदार हेतु 4300 एवं तहसीलदार हेतु 4800 ग्रेड-पे निर्धारित की जाए आदि शामिल हैं। सचिव ने इन मांगों पर केवल पत्राचार, डाटा संकलन एवं शासन स्तर पर विचार-विमर्श की बात कही गई।

### जब्त अवैध रेत होगी नीलामी

**महासमुंद।** जिले में अवैध रूप से भंडारित किये गये खनिज विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए जप्त कर जुर्माना भी लगाया गया था उसे अब नीलाम करने की तैयारी तेज हो गई है। इसके लिए निर्देश एवं समय सीमा तय हो चुकी है। बीते महीनो में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग ने यह कार्रवाई की है अवैध रेत भंडारण के मामले में, प्रशासन ने 2 करोड़ 18 लाख रुपये की रेत जब्त की है और 43 भूस्वामियों से 54 लाख 1 हजार 250 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, शासकीय भूमि में 14 स्थानों पर 62 हजार घनमीटर रेत का अवैध भंडारण पाया गया, जिस पर 1 करोड़ 64 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिले में अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर प्रशासन सख्त कार्रवाई किया गया।

## पेज 9 के शेष

### 145 लीटर महुआ...

आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी अनिल जांगड़े पिता चेतन जांगड़े के कब्जे से 35.0 लीटर महुआ मदिरा जब्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 7 हजार रुपये हैं। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) का उल्लंघन होना पाया गया। आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया।

### मंडल- सेक्टर गठन...

प्रभारी बनाया गया है, जो तीन दिन में अपनी मडल कमेटी हेतु बैठक कर ब्लॉक अध्यक्ष को रिपोर्ट देंगे। उक्त बैठक में देवव्रत नायक, अश्वनी वर्मा, शशांक शेखर चंद्राकर, अभिषेक वर्मा, श्यामलाल बघेल, अंकित वर्मा, घनश्याम वर्मा, पन्ना देवांगन, बबलू भाटिया, जुबेर अली, सुरेन्द्र गिलहरे, प्रहलाद यादव, भानुप्रताप भट्ट, फिरोज खान, अनिल मारकोस, मुकेश ठाकुर, छोटू यादव बुडेरा, संजय शर्मा, नीलेश चंद्रवंशी, संदीप साहू, मुकेश साहू, डॉ. द्वारिका साहू, छोटू यादव बुडेरा, शंकर रात्रे, सत्यनरायण राव सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे ।

### बिजली मेंटेनेंस में...

अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिये। उन्होंने ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्टोर से संपर्क बनाए रखने और खराब ट्रांसफार्मर सुधारने तत्काल भेजने कहा।

### माइंस ब्लास्टिंग से...

लोग नहीं बिठाया जा रहा है। सूचना ग्राम पंचायत सरपंच को भी दी जा चुकी है संकुल के माध्यम से उच्च कार्यालय बी आर सी एवं बी ई ओ को भी दी जा चुकी है। बच्चे सुरक्षित रहे हम यही चाहते हैं।

ग्राम पंचायत रानी जरौद सरपंच कांतिबाई साहू ने फोन से बताया कि छत से पपड़ी गिरने की जानकारी शाला प्रवेश के दिन बताए थे दिखाए भी थे बरसात में तो अभी नहीं बनेगा, छुट्टी रहेगा तो बनेगा। आवेदन प्रस्ताव करके देखेंगे । माइंस एरिया है ब्लास्टिंग होता है गांव में भी कंपन होता है घर में रहते है अचानक से खिड़की दरवाजा हिल जाता है ।

जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार संजय गुहे ने फोन पर बताया कि कल बीआरसी और खनिज विभाग के इंस्पेक्टर भी जायेंगे और ब्लास्ट के समय वहां रहेंगे बच्चों से भी चर्चा करेंगे, मैं तो स्कूल होके भी आया हूं ऐसा कुछ दरार नहीं दिखा, फिर भी मैटर सेंसिविटी है इसलिए ऐसी कोई स्थिति आएगी, खनिज विभाग की टीम को रिपोर्ट करेगी, रिपोर्ट करने के बाद दल आयेगा वो अध्ययन करेगी ब्लास्ट के कारण हो रहा है तो ब्लास्ट का काम रुकेगी।

### शनिवार को शाला ...

ताकि शाला की सभी गतिविधि पूर्ववत चलता रहे। उक्त मांग रखते हुए, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संगठन मंत्री सुनील नायक, जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष मोहित वर्मा, तहसील संगठन मंत्री अवध वर्मा, तहसील अध्यक्ष ज्ञानेश्वर वर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, रमाकांत यादव, अतुल मिश्रा, मनीष महानन्द, गुपेन्द्र कुमार साहू, लक्ष्मी राव, राजेश सिंह, डोमार सिंह पटेल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

## राजस्व मंत्री ने किया भूमि पूजन, रंगमंच भी बनेगा

# सेम्हराडीह व खम्हरिया में 2 करोड़ से अधिक के होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार क़ो विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हराडीह व खम्हरिया में 2 करोड़ 34 लाख 90 हजार की लागत से निर्माण होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने ग्राम खम्हारिया में रंगमंच निर्माण हेतु 5 लाख देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार हर गांव क़ो सजाने व संवारने का कार्य कर रही है। हम सबको मिलकर छत्तीसगढ़ क़ो आगे बढ़ाना है। योजनाओं क़ो घर-घर पहुंचाना है। धान उपार्जन केंद्र में पक्का शेड निर्माण होगा तो धान बारिश से नहीं भीगेगा, जिससे किसानों से ख़रीदा गया एक-एक दाना धान सुरक्षित रहेगा। हमने राजस्व विभाग के कार्य क़ो पारदर्शी बनाने के लिए अवश्यक सुधार किया है। अब रजिस्ट्री के बाद सीधे नामांतरण होग़ा, त्रुटि सुधार के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन क़ो अतिक्रमण मुक्त कराना भी जरुरी है। जमीन सुरक्षित नहीं रहेगी तो आने वाले समय में विकास कार्य प्रभावित होगी। कार्यक्रम क़ो जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदस्य इंदु जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

विकास कार्यों के भूमिपूजन में ग्राम खम्हरिया में धान उपार्जन केंद्र में क्रांकिटीकरण तथा शेड्युक्त पक्का चबूतरा निर्माण 21.80 लाख, चांपा में कृषि उपज मंडी समिति में सीसी रोड निर्माण 14.94 लाख,ठेलकी में सीसी रोड निर्माण 14.16 लाख रिसदा में धान उपार्जन केंद्र में क्रांकिटीकरण तथा शेड्युक्त पक्का चबूतरा निर्माण 21.80 लाख ,दशरमा में धान उपार्जन केंद्र में शेड्युक्त पक्का चबूतरा निर्माण 14.86 लाख, सकरी में धान उपार्जन केंद्र में क्रांकिटीकरण तथा शेड्युक्त पक्का चबूतरा निर्माण 21.80 लाख, सेम्हराडीह में धान उपार्जन केंद्र में क्रांकिटीकरण तथा शेड्युक्त पक्का चबूतरा निर्माण 21.80 लाख, शासकीय हाई स्कूल भवन निर्माण 75.23 लाख एवं उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण 28.51 लाख शामिल है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदसय गीता डोमन वर्मा, जनपद सदस्य सरिता धृतलहरे, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 अगस्त 2025 SHOW TIME
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 12,3,6,9 बजे
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय 12:00, 3:00 बजे
सैयारा
शो समय - 6:00, 9:00 बजे
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# मजदूरों से मुर्गी फार्म में करवाया काम और नहीं किया भुगतान

## बीट गार्ड की मनमानी आयी सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

बलौदाबाजार वन परिक्षेत्र के अंतर्गत धाराशिव अस्थाई रोपणी में तैनात बीट गार्ड पर एक सनसनीखेज आरोप सामने आया है, जो न केवल शासकीय सेवा के मूल सिद्धांतों को ठेंगा दिखाता है, बल्कि मानवाधिकारों के खुलेआम उल्लंघन का उदाहरण भी बन चुका है। आरोप है कि बीट गार्ड ने न केवल नरेगा मजदूरों के नाम पर फर्जी मस्टररोल तैयार कर सरकारी राशि का गबन किया, बल्कि ग्रामीण मजदूरों को जबरदस्ती एक निजी मुर्गी फार्म में कार्य करने के लिए विवश किया और इसके एवज में उन्हें कोई मजदूरी तक नहीं दी गई।



### वन मंत्री से की गई शिकायत

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जंगल चौकीदार के पूरे परिवार के नाम पर फर्जी मस्टररोल भरकर हजारों रुपये का गबन किया गया, जबकि वे कभी जंगल कार्य में शामिल ही नहीं हुए। इसके उलट, जो असल में जंगलों की सुरक्षा व रखरखाव में दिन-रात मेहनत कर रहे थे, उन्हें आज तक मजदूरी की राशि नहीं मिली। दर्जनों मजदूरों को नरेगा के नाम पर हेरफेर कर अपने करीबी अतिक्रमणकारी के मुर्गी फार्म में जबरिया कार्य करवाया जाना, अपने चौकीदार के परिवार वालों के नाम मस्टररोल जारी करना, अपने दोस्ती यारी में मित्रगण को वनभूमि मे अतिक्रमण करने देना यह पूरी घटना शासकीय कर्मचारी के आचरण नियमों का घोर उल्लंघन है और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का ज्वलंत उदाहरण भी। वन मंत्री से की गई शिकायत में ग्रामीणों ने कहा है कि यदि निष्पक्ष जांच कार्रवाई नहीं होती है तो व्यापक जन आंदोलन किया जावेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दर्जनों ग्रामीणों को जो पहले जंगल में श्रम करके जीविकोपार्जन कर रहे थे, उन्हें बीट गार्ड द्वारा यह कहकर बुलाया गया कि उन्हें नरेगा के तहत जंगल कार्य में लगाया जाएगा, लेकिन वास्तविकता में उन्हें भेजा अपने करीबी अतिक्रमणकारी मित्र के दूसरे गांव स्थित मुर्गी फार्म में, जहां उनसे मुर्गियों की सफाई, दाना डालना, फार्म की साफ-सफाई जैसे कार्य करवाए गए। कई ग्रामीणों ने बताया कि वे रोज सुबह से देर शाम तक फार्म में कार्य करते थे, लेकिन उन्हें एक रुपये तक का भुगतान नहीं मिला। उक्त कृत्य न केवल घिनौना है, बल्कि पूरी तरह से अनुशासनहीनता का घोर उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### शराब बनाने का सामान जब्त

**महासमुंद**। सांकरा पुलिस ने ग्राम पाटनदादर बाबा डेरा के पास नहर किनारे शराब व शराब बनाने का सामान जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्ठी से महुआ शराब बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस को आते देखकर शराब बनाने वाले वहां से भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल ग्राम पाटनदादर बाबाडेरा के पास नहर किनारे से एक सफेद रंग की प्लापस्टिक जरकीन में भरा 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए, पांच सौ लीटर क्षमता वाली नीले रंग के 03 नग खाली ड्रम कीमत 1500 रुपए, ढाई सौ लीटर क्षमता वाला खाली ड्रम 01 नग कीमत 250 रुपए, गिलट का बड़ा गंज 2 नग कीमत 1600 रुपए, गैस चूल्हा एवं गैस टंकी 02 नग कीमत 3000 रुपए कुल सामान कीमत 9350 रुपए को जब्त किया गया। मामले में अज्ञात आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।

### श्वेतगंगा में जलेंगे 1 हजार दीये

**महासमुंद**। श्वेतगंगा आरती एवं बोलबम सेवा समिति बम्हनी द्वारा शनिवार को 1 हजार दीप जलाकर गंगा आरती की जाएगी। इसको लेकर समिति के सदस्यों द्वारा तैयारी की जा रही है। ग्राम बम्हनी समेत आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को गंगा आरती में आमंत्रित किया जा रहा है। शनिवार को श्वेतगंगा में जल लेने हजारों की संख्या में कांवर यात्री पहुंचेगे, जो अंतिम सावन सोमवार को जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। यहां से जल लेकर अधिकांश कांवरिए सिरपुर जाते है। इसके अलावा कनेकेरा, भूतेश्वर महादेव की ओर कांवरियों का जत्था रवाना होता है। समिति के रामेश्वर वैष्णव, भुवन साहू, गोपाल साहू, खिलावन यादव ने बताया कि शनिवार को जल लेने वाले कांवरियों के लिए भजन-संध्या व भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि महेंद्रा ग्रुप द्वारा भंडारा की सेवा तथा गंगा लोकबयार आरंग गंगा साहू तथा देवेंद्र की टीम व खुशबू मानस मंडली खुर्शीपार द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति अलग-अलग चरणों में दी जाएगी।

# कृषि सेवा केंद्रों के निरीक्षण में पहुंची जिले की संयुक्त टीम

**अनियमितता बरतने वाले कृषि केंद्रों को जारी किया गया नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में कृषि आदान व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त टीम द्वारा कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाटापारा एसडीम अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने बुधवार को भाटापारा में संचालित उर्वरक विक्रय केंद्र अतुल एंटरप्राइजेस एवं जैन लोहा बाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित किसानों से उर्वरक की आपूर्ति के संबंध में चर्चा की, जिस पर कृषकों द्वारा आवश्यकता अनुसार उचित उत्पाद उचित दर पर प्राप्त होने की जानकारी दी। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा विक्रय केंद्रों को शासन के नियमानुसार उर्वरक वितरण हेतु निर्देश दिए गए।





सिमगा विकासखंड निरीक्षक जयइंद्र कंवर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भागिरथी प्रजापति द्वारा सिमगा में संचालित किसान कृषि केंद्र एवं सोनकर कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में स्कंध एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं थी, इस कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह विकासखंड पलारी निरीक्षक सुचिन वर्मा द्वारा ग्राम देवसुन्द्रा के भूमि कृषि केंद्र एवं मुन्ना कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं पायी गई, इस कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। विकासखंड बलौदाबाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा ग्राम सरखोर के गोवर्धन कृषि केंद्र, साईं कृषि केंद्र, प्रगति कृषि केंद्र एवं अक्षांश ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं थी तथा विक्रय केंद्रों द्वारा कृषकों को बिल भी नहीं दिया जा रहा था, इस कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि जिले में पदस्थ सभी निरीक्षकों को नियमित रूप से अभियान चलाकर कृषि सेवा केंद्रों का ग्रहण जांच करने तथा अनियमित पाए जाने पर नियमों अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी परिस्थिति में निजी विक्रय केंद्रों द्वारा जमाखोरी एवं कालाबाजारी न किए जाने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

# गुड़ागढ़ में हुआ वन महोत्सव एवं जल-जंगल यात्रा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्रों को किया प्रोत्साहित

वनमंडल अधिकारी गणवीर धम्मशील एवं बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य के मार्गदर्शन में कोठारी परिक्षेत्र के तुरतुरिया सर्किल स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुड़ागढ़ में वन महोत्सव एवं जल-जंगल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन एवं जल के संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने, नालों में भू-जल पुनर्भरण की उपयोगिता एवं जल-जंगल यात्रा के अंतर्गत विद्यार्थियों को वन भ्रमण कराकर उन्हें स्थानीय पारिस्थितिकी, वन्यजीव संरक्षण, सर्प रेस्क्यू की भूमिका तथा जैव विविधता जैसे तितलियों की अहमियत के बारे में बताया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें करियर के विभिन्न विकल्पों की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी तुरतुरिया, फुरफुंदी, कोठारी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, समिति सदस्य, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, परिक्षेत्र के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मिशन उत्कर्ष में छात्रों ने दिया मासिक टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा विभाग के लिए सत्र 2025-26 के लिए संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम मिशन उत्कर्ष के तहत कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों का मासिक टेस्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रदत्त प्रश्न पत्रों से सभी 6 विषयों का मासिक टेस्ट लिए जाने के तहत शासकीय हाई स्कूल घिवरा में सभी सत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सभी तीन दिनों तक चले सभी 6 विषयों का मासिक टेस्ट दिलाये। विद्यालय के प्राचार्य दीपक गुप्ता ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस मासिक टेस्ट को बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए बहुत ही लाभदायक बताया जो कि धीरे-धीरे वार्षिक परीक्षा के अच्छी तैयारी के लिए मददगार होगा। उक्त जानकारी घिवरा संकुल समन्वयक कैलाश बघेल ने दी।

## वटगन विद्यालय में तुलसीदास जयंती मनाई गई

**पलारी**। नगर के उच्च मा. विद्यालय वटगन में गोस्वामी तुलसीदास का जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में श्रीराम चरित मानस के रचयिता गोस्वामी का छाया चित्र ब्लैक बोर्ड में जीतू बंजारे ने बनाया। पश्चात शिक्षकों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। व्याख्याता बी एल ढीढ़ी ने कहा तुलसीदासजी का दोहा है पर हित सरिस धर्म नहीं भाई अर्थात हमें जीवन में परोपकार करना चाहिए। प्रभारी प्राचार्य एच के वर्मा ने कहा तुलसीदासजी के जितने भी दोहे हैं सब एक महामंत्र है उसको पढ़ने से निश्चय ही फायदा होगा। इस अवसर पर व्याख्याता एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, टीके साहू, सगुण सोनी, सुशीला जांगड़े, रेणुका जांगड़े, महेंद्र वर्मा सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।



## हरिभूमि माह जुलाई 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

# जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को लेकर ट्रांसपोर्टर मिले आयुक्त से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजय शुक्ल के नेतृत्व में ट्रांसपोर्टरों के प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी से संबंधित समस्याओं को लेकर जीएसटी आयुक्त श्री मीणा से मुलाकात की। इस दौरान ट्रांसपोर्टरों ने अपने सामने आने वाली कठिनाइयों और व्यावहारिक समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया।

आयुक्त मीणा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी ट्रांसपोर्टर को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों से जीएसटी कानून की बारीकियों को समझने और उसका पालन करने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल में बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सिद्धू, बलकर एसोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह, सुखी बाबा, अरुण तुलसियान, मनोज गुप्ता, वनीत सलूजा, सुब्रत डे, हरप्रीत सिंह, जसवंत सिंह सैनी, दलविंदर सिंह ढिल्लन, संजय झुनझुनवाला, अनराग जैन, हरनाम सिंह, मनदीप सिंह, भवानी सिंह, अशोक शर्मा और रिम्पल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# हायर सेकंडरी में हुई गुरु शिष्य व्यास पूजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में दल नायिका सीमा पाल एवं इको क्लब के दल नायिका लक्ष्मी साहू के सहयोग से गुरु शिष्य व्यास पूजा का उत्सव शाला परिसर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त प्रधान पाठक मुबारक हुसैन ने गुरु शिष्य के संबंध में अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इंसान चाहे कितना भी धन संपत्ति जमा ले, लेकिन जीवन में सफलता के लिए सफल समर्थ आदर्श गुरु का होना आवश्यक है। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विशेष कुमार साहू ने अपने जीवन काल में छात्र छात्राओं के बीच रहा मधुर संबंध के स्वर्णिम काल के बारे में चर्चा की।

प्राचार्य सीके नायक ने छात्र-छात्राओं को गुरु शिष्य व्यास पूजा पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के प्रभारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने छात्र- छात्राओं को गुरुओं द्वारा बताए मार्ग पर चलने की अपील की। व्यायाम शिक्षक आर के पसीने ने आए हुए अतिथि का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में 100 छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकगण उपस्थित हे।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
2 अगस्त शनिवार, राना मेडिकल सरकारी अस्पताल के पास भाटापारा
3 अगस्त रविवार, आशीर्वाद डेंटल हॉस्पिटल बैंक ऑफ़ बड़ौदा मेन रोड, बलौदाबाजार
समय – सुबह 10:30 से 4 बजे तक
लकवा (स्ट्रोक) गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026
चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि- स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

टैटू (गोदना) मिटाये नई लेजर तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371